# भारतीय स्वाभिमान व नारी चेतना की प्रतीक हैं रानी अवंती बाई

## बलिदान दिवस पर उनके शौर्य, त्याग व समर्पण को किया गया याद



**मण्डला, देशबन्धु।** अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाली प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अग्रणी 1857 की क्रांति में शहीद हुई वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी भारतीय स्वाभिमान एवं नारी चेतना की प्रतीक हैं जिनके बलिदान दिवस पर नगर के लालीपुर चौंक प्रतिमा स्थल पर प्रोफेसर शरद नारायण खरे के मुख्यातिथ्य व विनोद कछवाहा नगरपालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता में एवं समाजसेवी नरेश कछवाहा, डी.एल.मोंगरे आदि के विशिष्ट आतिथ्य में गरिमामय समारोह आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में ज्योत प्रज्जवलित कर वीरांगना जी को श्रध्दा सुमन अर्पित किए गये। अपने उद्बोधन में इतिहासकार एवं कवि प्रोफेसर शरद नारायण खरे द्वारा वीरांगना जी के शौर्य, त्याग व समर्पण का स्मरण कराते हुए देश के लिए उनके कृतित्व व व्यक्तित्व, का बखान किया गया। अल्प आयु में देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाली वीरांगना को बारम्बार नमन किया गया। समारोह में महेश ठाकुर द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। नरेश कछवाहा, के.के.ठाकुर आदि के द्वारा भी अपने उद्बोधन में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के लिए वीरांगना जी के योगदान को चिरस्मरणीय बताया गया।

डी.एल.मोंगरे ने स्वरचित काव्य रचना का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन कन्हैया ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन पुहुप सिंह भारत के द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में अवंती बाई संघर्ष समिति एवं लोधी क्षत्रीय समाज के रवि ठाकुर, संजय चौरसिया, अषाढू ठाकुर, कैलाश कछवाहा, बालसिंह ठाकुर, राजेश लोधी, बंधु ठाकुर, दारेन्द्र ठाकुर, प्रहलाद ठाकुर, लखन ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा।

## कलेक्टर ने विनीता को चैक देकर की आर्थिक सहायता



**मण्डला, देशबन्धु।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के समक्ष सरदार पटेल वार्ड लालीपुर निवासी विनीता साहू ने आवेदन देकर अपनी समस्या से अवगत कराया। आवेदन की पात्रता का परीक्षण कराते हुए कलेक्टर ने रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से 5 हजार 1 सौ रूपए का चैक देकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। चैक पाकर विनीता ने जिला प्रशासन की इस संवेदनशील सहायता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बालिका छात्रावासों में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन



**मण्डला, देशबन्धु।** आदिवासी सीनियर जिला स्तरीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास मण्डला एवं आदिवासी सीनियर 100 कलाम नवरत्न बालिका छात्रावास मण्डला के प्रांगण में वन स्टॉप सेंटर मण्डला द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसके अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर प्रशासक मधुलिका उपाध्याय द्वारा साईबर सुरक्षा के बारे में बताया गया कि किसी भी अनजान लिंक को कभी टच न करें साथ ही प्ले स्टोर से ही ऐप को डाउनलोड करें। यदि किसी के पास कोई भी ऐसा कॉल आता है जो अनभिज्ञ नंबर से हो तो उससे अपनी व्यक्तिगत जानकारी कभी साझा न करें।

1930 साइबर हेल्पलाइन पर अपनी रिपोर्ट दर्ज करायें। साथ ही बालिकाओं को पी.सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट से अवगत कराया गया जिसमें विभिन्न सोनोग्राफी सेंटर से जागरूक रह कर लिंग जांच से बचने के बारे में बताया गया। इसके अलावा गर्भधारण पूर्ण और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। महिला हेल्पलाईन नंबर 181 एवं चाइल्ड हेल्पलाईन नं. 1098 के बारे में आंगनवाड़ी केन्द्र में महिलाओं एवं 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की सुरक्षा के लिये जागरूक करने हेतु समझाईश दी गई। सेनेटरि पेड का उपयोग और स्वास्थ्य संबंधी सुरक्षा की दृष्टि से इनके निपटारे के बारे में बताया गया।

हिमोग्लोबिन की जांच और मासिकधर्म के दौरान आयरनफोलिक एसिड टेबलेट का उपयोग करने हेतु सलाह दी गई। कार्यक्रम में 100 कलाम नवरत्न बालिका छात्रावास की अधीक्षिका मोहनी कुशराम, आदिवासी सीनियर जिला स्तरीय उत्कृष्ट कन्या छात्रावास की अधीक्षिका प्रभा गोमास्ता एवं वन स्टॉप सेंटर से बहुउद्देशीय कार्यकर्ता हरीशंकर कछवाहा, आरती वरकड़े सहित समस्त छात्रायें उपस्थित रहीं।

## सार-समाचार

### होली मिलन में उड़े रंग

**भुआ बिछिया।** होली मिलन समारोह में श्री राम मंदिर प्रांगण में मात्र शक्तियों द्वारा होली मिलन समारोह रंग पंचमी के दौरान एक दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशियां बाटी काफी समय से मंदिर प्रांगण में रंग पंचमी का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है सभी माताए बहने को इसी बहाने मिलने जुलने का अवसर प्राप्त होता है इसी तरह श्री राम मंदिर में छोटे-छोटे कार्यक्रम हमेशा मात्र शक्तियों द्वारा श्री राम मंदीर मै आयोजित किये जाते है एवम सर्व समाज की माताएं बहने शामिल होती है। इस कार्यक्रम में सभी बहनों ने स्वल्पाहार किया एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गले मिलकर खुशियां बाटी सभी लोग खुशियों से झूम उठे एवं आगामी प्रोग्राम करने की प्लानिंग की गई। कार्यक्रम में संगीता गर्ग, आशा गुप्ता, संध्या अग्रवाल, किरण गुप्ता, मनो गोस्वामी, मोहनी गर्ग, दीपा मिश्रा, संगीता वर्मा, आरती मोदी, रानू अग्रवाल, आरती साहू दिया साहू, तनु पिपरसानिया, सपना पिपरसानिया, निशा गर्ग, अर्चना गर्ग, रत्ना गर्ग, सुशील यादव, उषा भट्ट, लक्ष्मी भट्ट, सीता पिपरसानिया, यामिनी नामदेव, सरिता साहू, लक्ष्मी कसार, रोशनी दुबे ,सरिता साहू, मंजू साहू, प्रीति साहू, सुनीता साहू, सावित्री झारिया, राधा झरिया, मीना आदि महिलाएं सम्मिलित रही।

### निजी क्षेत्रों में रोजगार के लिए युवाओं की काउंसलिंग करें : कलेक्टर

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आईटीआई, जिला व्यापार एवं उद्योग, पॉलीटेक्निक, आरडी कॉलेज की संयुक्त बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार



दिलाने के लिए कैरियर काउंसलिंग करें। बैठक में उन्होंने कैरियर काउंसलिंग के साथ-साथ इंटरव्यू, प्रयोगशाला, सीवी बनवाने आदि के संबंध में चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जीएमडीआईसी को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र मनेरी से रिक्त पदों की जानकारी लें। प्रशिक्षण के लिए आईटीआई, इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्टिनक, आरडी कॉलेज के विद्यार्थियों को आमंत्रित करें। बैठक में जीएमडीआईसी नंदकिशोर वास्कले, प्राचार्य आईटीआई आरएस वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।

### आजाद वार्ड की गलियों और चौराहों पर मवेशियों का जमावड़ा, राहगीरों को हो रही परेशानी



**मंडला, देशबन्धु।** शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और गली-मोहल्लों में आवारा मवेशियों की बढ़ती संख्या से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आजाद वार्ड की गलियों और चौराहों पर मवेशियों का जमावड़ा यातायात बाधित कर रहा है। इनकी वजह से वाहन चालकों को सावधानीपूर्वक निकलना पड़ता है, फिर भी कई बार हादसे हो जाते हैं। बंजर चौक, लालपुर चौक और बस स्टैंड के आसपास बड़ी संख्या में मवेशी खड़े रहते हैं, जिससे भारी वाहनों और राहगीरों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। घाट जाने का रास्ता भी अवरुद्ध हो जाता है, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी होती है। इसके अलावा, संकरी गलियों में बैठे मवेशियों के कारण वाहन चालक और पैदल यात्री फिसलकर गिर रहे हैं, क्योंकि सड़कों पर गोबर फैला हुआ रहता है। कई बार इन मवेशियों की लड़ाई भी हादसों का कारण बन रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन मवेशियों के मालिक अपने पशुओं की कोई देखभाल नहीं कर रहे और उन्हें खुला छोड़ देते हैं। गायों और बैलों की वजह से सड़कों पर जाम की स्थिति बन जाती है, जिससे वाहन चालक और पैदल यात्री परेशान रहते हैं। जब भी नागरिक इन पशु मालिकों को समझाने की कोशिश करते हैं, तो वे अनदेखा कर देते हैं।

## युवाओं को रोजगार के अवसर दिलाना प्राथमिकता : कलेक्टर

### नगरपालिका टाउनहॉल में रोजगार युवा संगम का आयोजन



**मण्डला, देशबन्धु।** नगरपालिका परिषद के टाऊनहॉल में रोजगार युवा संगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि युवा साथियों को रोजगार-स्वरोजगार के अवसर दिलाना शासन की प्राथमिकता है। रोजगार मेलों के माध्यम से इच्छुक युवाओं को रोजगार के अवसर दिलाने के साथ-साथ शासन की स्वरोजगार से जुड़ी हुई विभिन्न योजनाओं से युवाओं को लाभान्वित कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, उद्यम क्रांति योजना, बिरसामुंडा स्वरोजगार योजना, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवाओं को बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से आने वाले समय में निजी क्षेत्र की कम्पनियों में रोजगार पाने के लिए आवेदन एवं साक्षात्कार की तैयारियों के संबंध में काउंसलिंग कैम्प लगाए जाएंगे।

कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि कौशल विकास के लिए शासन की ओर से विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जाते हैं, शिक्षित युवा कौशल विकास के प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार स्थापित करें और आने वाले समय में रोजगार मांगने वाले नहीं रोजगार देने वाले बनें। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, एलडीएम सुजय कुमार, जीएमडीआईसी नंदकिशोर वास्कले, प्राचार्य आईटीआई आरएस वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित थे।

**जिले में स्वरोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं - संजय कुशराम-** रोजगार युवा संगम में उपस्थित युवक-युवतियों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम ने कहा कि मंडला जिले में संसाधनों की कमी नहीं है। यहाँ स्वरोजगार की व्यापक संभावनाएं हैं। इस दिशा में कार्य कर हमारे युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में तेजी से आर्थिक प्रगति करने वाला देश है किन्तु बढ़ती हुई जनसंख्या हमारे लिए रोजगार के अवसर दिलाने में नई चुनौतियां उत्पन्न करती हैं। देश व प्रदेश की सरकारें औद्योगिक क्षेत्र विकास के साथ-साथ लघु एवं मध्यम दर्जे के उपक्रमों को भी बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही हैं। हमारे युवाओं का शासन की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए।

## नक्सली मुठभेड़ के नाम पर पुलिस ने की हत्या

**मण्डला, देशबन्ध।** कांग्रेस पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी एवं आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष राधेशाह ने बताया कि नारंगी लसरेटोला (खटिया) जिला मंडला के हिरन सिंह परतें (बैगा-आदिवासी) को फर्जी नक्सली मुठभेड़ एनकाउंटर के नाम पर पुलिस ने हत्या कर दी।

हत्या अत्यंत निंदनीय, शर्मनाक, एवं दुखद घटना है लगातार प्रदेश में आदिवासी भाईयों पर हो रहे अन्याय-अत्याचार-को लेकर अतिसंवेदनशील प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी एवं ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रात भूरिया तथा आदिवासी कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष रामू तेकाम के निर्देशानुसार आदिवासी समाज को न्याय दिलाने दिनांक 21 मार्च को निर्धारित समय 11.30 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित होकर 12.30 बजे कलेक्ट्रेट मे महामहिम राष्ट्रपति जी, महामहिम राज्यपाल जी के नाम से ज्ञापन सौंपा जाना है।

जिला कांग्रेस कमेटी, सेवा दल, महिला कांग्रेस, आदिवासी कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, नगर कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ,तथा कांग्रेस पार्टी के सभी आनुवंशिक संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ता ने ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। जिला मंडला कांग्रेस के सभी विंग के जिलाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष, वर्तमान विधायक गण, पूर्व विधायक गण, जनपद पंचायत अध्यक्ष, मण्डलम, सेक्टर, पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य सहित जिला के कांग्रेस समर्पित समस्त प्रतिनिधि गण को उपस्थिति हेतु अपील की गई है।

## मध्यप्रदेश केसरी कुश्ती स्पर्धा का उद्घाटन आज



**मण्डला, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश केसरी कुश्ती स्पर्धा का उद्घाटन कल शाम 4 बजे इंडियन स्टाइल कुश्ती संघ मध्य प्रदेश के द्वारा 21 से 23 मार्च 2025 को सूरजकुंड धाम मंडला में राज्य स्तरीय मीनी, जूनियर, सीनियर, पुरुष,महिला एवं मध्य प्रदेश केसरी किताब स्पर्धा का उद्घाटन शाम 4 बजे जिला अध्यक्ष उमेश मिश्रा के मुख्य अतिथिय में, रजत सकलेजा (पुलिस अधीक्षक मंडला) एवं कपिल मालैया प्रदेश (अध्यक्ष भारतीय शैली कुश्ती संघ मध्य प्रदेश) एवं अर्जुन यादव (प्रदेश महासचिव भारतीय शैली कुश्ती संघ मध्य प्रदेश) एंव कार्यक्रम कि अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा (उपाध्यक्ष भारतीय शैली कुश्ती संघ मध्य प्रदेश) मे शुभारंभ किया जाएगा। भारतीय शैली कुश्ती संघ मंडला के अध्यक्ष गुलाब मर्दारिया ने बताया कि कल सुबह 12 से प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए पहलवानों का वजन सूर्यकुंड धाम में लिया जावेगा एवं शाम 4 बजे से कुश्ती का रंगारंग शुभारंभ होगा। संतोष कुशवाहा (सदस्य मध्य प्रदेश कुश्ती संघ) ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पहलवान अपनी कुश्ती कल का प्रदर्शन करेंगे। संरक्षक सुमंत उपाध्यक्ष, शिवराज कछवाहा, राजुल ज्योतिषी, संतोष सोनू भलावी (जनपद अध्यक्ष मंडला), अखिलेश कछवाहा उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद मंडला) चंद्रशेखर सिंधिया, जी.एल. नीखर, नरेश सिंधिया (पार्षद), संदीप कछवाहा आदि अन्य सदस्यों ने कुश्ती प्रेमियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग सूरजकुंड धाम पहुंचकर लुप्त होती पारंपरिक भारतीय कुश्ती को प्रोत्साहित करने हेतु अपनी गरिमामय उपस्थिति देने की अपील की है।

## उद्यानिकी प्रशिक्षण के लिए 24 कृषकों का दल रवाना

**मण्डला, देशबन्धु।** एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना घटक मानव संसाधन विकास अंतर्गत राज्य के भीतर 3 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण हेतु 24 कृषकों का प्रशिक्षण दल भेजा गया है।



प्रशिक्षण हेतु वाहन को जनपद पंचायत अध्यक्ष मंडला श्री संतोष सोनू भल्लावी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर उद्यानिकी के उच्च तकनीकों का अवलोकन एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु रवाना किया गया।

राज्य के भीतर 3 दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम अंतर्गत कृषकों का दल श्री ओम प्रकाश भवेदी, ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी के नेतृत्व में 22 मार्च 2025 तक के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र मण्डला, कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी एवं कृषि विज्ञान केन्द्र छिंदवाडा एवं संयुक्त संचालक उद्यान प्रशिक्षण पचमढ़ी के अधिनस्थ प्रक्षेत्रों का भ्रमण कराते हुए तकनीकी जानकारियाँ प्राप्त करेगा।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए सम्मिलित प्रयासों की आवश्यकता : कलेक्टर



**मण्डला, देशबन्धु।** विश्व गोरैया दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने पक्षियों की जीवन रक्षा के लिए मिट्टी के पात्र में पानी रखा। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पक्षी प्रकृति का अहम हिस्सा हैं। रासायनिक कीटनाशकों के बढ़ते उपयोग के कारण गोरैया जैसे छोटे पक्षियों की आबादी लगातार घट रही है। पर्यावरण का यह बिगड़ता हुआ संतुलन चिंता का विषय है। आज के बच्चे आने वाला भविष्य हैं, आपको लोगों को प्राकृतिक कृषि के लिए प्रेरित करने में सहयोग करना चाहिए। मंडला जिले का प्राकृतिक वातावरण पशु पक्षियों के लिए अनुकूल है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सम्मिलित प्रयासों की आवश्यकता है।

## आज दी जायेगी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**मण्डला।** सम्माननीय कांग्रेसजन एवं समस्त मित्रगण 21 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को दोपहर 3 बजे से पूर्व महामंत्री मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी, पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी स्व. संजय सिंह परिहार के द्वितीय पुण्य तिथि पर क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यालय सिटी कोतवाली के सामने भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी की उपस्थित हेतु अपील की गई है।

## उपभोक्ता दिवस पर कार्यक्रम आज

**दमोह, देशबन्धु।** राज्य शासन के निर्देशानुसार गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी 21 मार्च को दोपहर 1 बजे से विश्व उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जायेगा। कार्यक्रम उपभोक्ता फोरम के सामने पुरानी कलेक्ट्रेड दमोह प्रांगण में होगा।


।। ओम शांति ।। **शोक संदेश** ।। ओम शांति ।।



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्यनीय पति श्री राधेश्याम साहू का स्वर्गवास दिनांक 09/03/2025 दिन रविवार को हो गया है। अत: दिवंगत आत्मा की शांति हेतु तेरहवीं कार्यक्रम- 21/03/2025, शुक्रवार को दोपहर 1 बजे से निज निवास रानी दुर्गावती वार्ड मण्डला में है।

**शोकाकुल परिवार**

**श्रीमती शारदा साहू (पत्नि), संजीव साहू (पुत्र), आदित्य साहू (नाती) एवं समस्त साहू परिवार**

